Prepp
Your Personal Exams Guide

| Test Date | 22/12/2025 |
|---|---|
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** 20 cm फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण द्वारा निर्मित प्रतिबिंब वास्तविक, उल्टा और बिंब के आकार की तुलना में बड़ा होता है। बिंब की स्थिति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
- ✗ A. बिंब दर्पण के ध्रुव से 40 cm की दूरी पर रखा गया है।
- ✗ B. बिंब दर्पण के ध्रुव से 10 cm की दूरी पर रखा गया है।
- ✓ C. बिंब को दर्पण के ध्रुव से 20 cm और 40 cm के बीच रखा गया है।
- ✗ D. बिंब दर्पण के ध्रुव से 20 cm की दूरी पर रखा गया है।

**Q.2** यदि किसी वस्तु को अवतल दर्पण के वक्रता केन्द्र (C) पर रखा जाए, तो आवर्धन (m) का मान क्या होगा?

Ans
- ✓ A. $m = -1$
- ✗ B. $m < -1$
- ✗ C. $m = 0$
- ✗ D. $m = +1$

**Q.3** एक जहाज जल पर तैरता है क्योंकि___________।

Ans
- ✗ A. वायुमंडलीय दाब जहाज को सहारा देता है
- ✗ B. जल का घनत्व जहाज सामग्री (पदार्थ) से अधिक है
- ✗ C. पृष्ठ तनाव इसे तैरता रखता है
- ✓ D. विस्थापित जल का भार जहाज के भार के बराबर होता है

**Q.4** किसी वस्तु पर 7 N का बल कार्यरत है और वह बल की दिशा में 8 m विस्थापित हो जाती है। इस स्थिति में किया गया कार्य कितना है?

Ans
- ✗ A. 15 Nm
- ✓ B. 56 J
- ✗ C. 56 N
- ✗ D. 7 J

**Q.5** एकल आवृत्ति और कई आवृत्तियों के मिश्रण की ध्वनियों को क्रमशः ______________ के रूप में जाना जाता है।

Ans
- ✓ A. स्वर और नोट
- ✗ B. नोट और स्वर
- ✗ C. रव और स्वर
- ✗ D. स्वर और रव

**Q.6** समय के साथ संक्षारण होने पर तांबे का रंग कैसा हो जाता है?

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Ans**
- ✗ A. लाल
- ✗ B. सफ़ेद
- ✗ C. ग्रे
- ✓ D. हरा

**Q.7** निम्नलिखित में से कौन-सा, एकसमान वृत्तीय गति का उदाहरण है?

**Ans**
- ✗ A. ऊँचाई से गिराया गया एक पत्थर
- ✓ B. पृथ्वी के चारों ओर घूमता चंद्रमा
- ✗ C. सीधी पटरी पर चलती हुई रेलगाड़ी
- ✗ D. एक सीधी सड़क पर चलती कार

**Q.8** जूल के तापन नियम के अनुसार, यदि किसी प्रतिरोधक से प्रवाहित धारा दोगुनी कर दी जाए, जबकि प्रतिरोध और समय स्थिर रहें, तो उत्पन्न ऊष्मा (H) _______ के गुणक से बढ़ जाएगी।

**Ans**
- ✓ A. चार
- ✗ B. सोलह
- ✗ C. आठ
- ✗ D. दो

**Q.9** निम्नलिखित में से कौन-सी संरचना तंत्रिका ऊतक से बनी होती है?

**Ans**
- ✓ A. मस्तिष्क, मेरुरज्जु और तंत्रिकाएँ
- ✗ B. अस्थियां और मांसपेशियाँ
- ✗ C. वृक्क और यकृत
- ✗ D. फेफड़े और हृदय

**Q.10** ZnO (जिंक ऑक्साइड) का सूत्र इकाई द्रव्यमान क्या है?

**Ans**
- ✗ A. 97 u
- ✗ B. 16 u
- ✗ C. 65 u
- ✓ D. 81 u

**Q.11** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उच्च दाब के अधीन गैसों के द्रवण का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

**Ans**
- ✗ A. उच्च दाब से तापमान बढ़ता है, जिससे प्रावस्था परिवर्तन होता है।
- ✗ B. गैसें अनिश्चित रूप से प्रसार करती हैं, इसलिए दाब का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है
- ✓ C. उच्च दाब से कणों के बीच का अवकाश कम हो जाता है, जिससे द्रवण होता है
- ✗ D. बढ़े हुए आणविक आकार से संघनन होता है

**Q.12** मादा जनन तंत्र में अंड का सही मार्ग क्या है?

**Ans**
- ✗ A. गर्भाशय → अंडाशय → फैलोपियन ट्यूब
- ✗ B. अंडाशय → योनि → गर्भाशय
- ✓ C. अंडाशय → फैलोपियन ट्यूब → गर्भाशय
- ✗ D. फैलोपियन ट्यूब → अंडाशय → गर्भाशय

**Q.13** जलीय जीव, स्थलीय जीवों की तुलना में तेजी से श्वास क्यों लेते हैं?

**Ans**
- ✗ A. क्योंकि जल श्वसन अंगों पर कम प्रतिरोध डालता है
- ✓ B. क्योंकि जल में घुली हुई ऑक्सीजन की मात्रा अत्यधिक निम्न होती है
- ✗ C. क्योंकि जल में ऑक्सीजन का विसरण वायु की तुलना में तेजी से होता है
- ✗ D. क्योंकि वे गिल के माध्यम से सीधे सूर्य के प्रकाश से ऑक्सीजन अवशोषित करते हैं

Q.14 रेखीय वेग के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

Ans

- ✗ A. यह विस्थापन में परिवर्तन की दर है।
- ✗ B. एकसमान गति के लिए रेखीय वेग स्थिर रहता है।
- ✓ C. रेखीय वेग की SI इकाई $m/s^2$ है।
- ✗ D. रेखीय वेग विस्थापन और समय पर निर्भर करता है।

Q.15 पादपों में कायिक प्रवर्धन के लिए निम्नलिखित में से किस तकनीक का उपयोग किया जाता है?

Ans

- ✓ A. कलम (Cutting)
- ✗ B. बीज प्रकीर्णन (Seed dispersal)
- ✗ C. निषेचन (Fertilisation)
- ✗ D. परागण (Pollination)

Q.16 फसल किस्म सुधार का मुख्य लक्ष्य क्या है?

Ans

- ✗ A. मृदा में जल की मात्रा बढ़ाना
- ✗ B. केवल सजावटी पौधे उगाना
- ✓ C. बेहतर उपज और उपयोगी गुणों वाली फसलों का विकास करना
- ✗ D. उगाई जाने वाली फसलों की संख्या कम करना

Q.17 साइक्लोहेक्सेन को किस प्रकार के कार्बनिक यौगिक के रूप में वर्गीकृत किया जाता है?

Ans

- ✓ A. एक संतृप्त ऐलीसाइक्लिक यौगिक जो एक वलय में छह कार्बन परमाणुओं से बना होता है
- ✗ B. एक सुगंधित यौगिक जिसमें एक विस्थानीकृत π-इलेक्ट्रॉन वलय प्रणाली होती है
- ✗ C. एक कार्बनिक एल्डिहाइड जिसमें छह कार्बन परमाणुओं की एक रैखिक श्रृंखला होती है
- ✗ D. एक या अधिक असंतृप्त कार्बन बंधों वाला एक शाखित हाइड्रोकार्बन

Q.18 निम्नलिखित में से कौन-सा यौगिक, असंतृप्त हाइड्रोकार्बन है?

Ans

- ✗ A. प्रोपेन (Propane)
- ✓ B. एथीन (Ethene)
- ✗ C. मेथेन (Methane)
- ✗ D. ब्यूटेन (Butane)

Q.19 निम्नलिखित में से कौन-सा एक यौगिक है?

Ans

- ✓ A. लवण (NaCl)
- ✗ B. नींबू का रस
- ✗ C. मृदा
- ✗ D. वायु

Q.20 निम्नलिखित में से किस अभिक्रिया में दो यौगिक मिलकर एक नया यौगिक बनाते हैं?

Ans

- ✗ A. $C + O_2 \rightarrow CO_2$
- ✓ B. $CaO + CO_2 \rightarrow CaCO_3$
- ✗ C. $Na + Cl_2 \rightarrow NaCl$
- ✗ D. $H_2 + Cl_2 \rightarrow HCl$

Q.21 ऐल्युमीनियम की ऐनोडीकरण प्रक्रिया में सल्फ्यूरिक अम्ल की क्या भूमिका होती है?

Ans

- ✗ A. यह ऐल्युमीनियम के ऑक्सीकरण को रोकता है।
- ✗ B. यह ऐल्युमीनियम के साथ अभिक्रिया करके ऐल्युमीनियम क्लोराइड बनाता है।
- ✗ C. यह ऐल्युमीनियम को पूरी तरह से विघटित कर देता है।
- ✓ D. यह एक वैद्युत-अपघट्य के रूप में कार्य करता है जो मोटी ऑक्साइड परत बनाने में मदद करता है।

Q.22 यदि दो प्रतिरोधक श्रेणीक्रम में जुड़े हुए हैं, तो परिपथ के समतुल्य प्रतिरोध के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
- ✗ A. यह पहले बढ़ेगा और फिर घटेगा।
- ✗ B. यह समान रहेगा।
- ✗ C. यह घटेगा।
- ✓ D. यह बढ़ेगा।

Q.23 निम्नलिखित में से क्या, बिना किसी युग्मक के, केवल एक जनक के द्वारा प्रजनन का वर्णन करता है?

Ans
- ✓ A. अमीबा में द्विविखंडन
- ✗ B. पुष्पीय पौधों में बीज निर्माण
- ✗ C. स्तनधारियों में आंतरिक निषेचन
- ✗ D. मेंढकों में निषेचन

Q.24 निम्नलिखित में से कौन-सी उपकला, श्वसन मार्ग के अस्तर के साथ श्लेष्मा की गति में सहायक होती है?

Ans
- ✓ A. पक्ष्माभी स्तंभाकार उपकला (ciliated columnar epithelium)
- ✗ B. सरल पट्टकी उपकला (simple squamous epithelium)
- ✗ C. स्तरीकृत पट्टकी उपकला (stratified squamous epithelium)
- ✗ D. घनाभाकार उपकला (cuboidal epithelium)

Q.25 एक रोगी अपना बायां हाथ हिलाने में असमर्थ है, लेकिन मस्तिष्क स्कैन में कोई क्षति नहीं दिखाई देती है। तंत्रिका तंत्र के किस हिस्से के प्रभावित होने की सर्वाधिक संभावना है?

Ans
- ✗ A. केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (Central nervous system)
- ✗ B. स्वायत्त तंत्रिका तंत्र (Autonomic nervous system)
- ✗ C. परानुकंपी तंत्रिका तंत्र (Parasympathetic nervous system)
- ✓ D. परिधीय तंत्रिका तंत्र (Peripheral nervous system)

Prepp
Your Personal Exam Guide

Section : **Mathematics**

Q.26 6%, 5% और 11% की तीन क्रमागत छूटों के बराबर एकल छूट (लगभग) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 21.86%
- ✓ B. 20.52%
- ✗ C. 21.73%
- ✗ D. 23.23%

Q.27 वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसमें 10 जोड़ने पर वह 12, 15, 18 और 20 से पूर्णतः विभाज्य हो जाए।

Ans
- ✗ A. 200
- ✓ B. 170
- ✗ C. 180
- ✗ D. 190

Q.28 $\frac{1}{20}$, $\frac{11}{60}$ का कितना प्रतिशत है? ( अपना उत्तर दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans
- ✓ A. 27.27%
- ✗ B. 54.54%
- ✗ C. 37.27%
- ✗ D. 42.27%

Q.29 ₹4,800 के मूलधन पर 15% की वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर (वार्षिक रूप से संयोजित होने पर) से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹6,836
- ✗ B. ₹6,717
- ✓ C. ₹6,348
- ✗ D. ₹7,194

Q.30 एक शिविर में 20 विद्यार्थियों के लिए 12 दिनों का भोजन उपलब्ध है। यदि शिविर में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाकर 80 कर दी जाए, तो उतना ही भोजन कितने दिनों के लिए पर्याप्त होगा?

Ans
- ✗ A. 2
- ✓ B. 3
- ✗ C. 6
- ✗ D. 4

Q.31 $[(9x + 4y)^2 - (9x - 4y)^2] \div 24x$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✓ A. 6y
- ✗ B. 16x
- ✗ C. 8x
- ✗ D. 12xy

Q.32 बिंदु A और B के बीच की दूरी 933 km है। नमित बिंदु A से B तक 70 km/hr की चाल से यात्रा करता है और 111 km/hr की चाल से वापस आता है। पूरी यात्रा के लिए नमित की औसत चाल (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) की गणना कीजिए।

Ans
- ✗ A. 88.58 km/hr
- ✗ B. 81.26 km/hr
- ✗ C. 94.58 km/hr
- ✓ D. 85.86 km/hr

Q.33 4, 8 और 19 के चतुर्थानुपाती तथा 9 और 4 के माध्यानुपाती के बीच का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 16 : 9
- ✓ B. 19 : 3
- ✗ C. 22 : 7
- ✗ D. 19 : 4

Q.34 एक वस्तु को 35% और 20% की दो क्रमिक छूट के बाद ₹6,500 में बेचा जाता है। वस्तु का अंकित मूल्य (₹ में) कितना है?

Ans
- ✗ A. 12,435
- ✗ B. 12,560
- ✓ C. 12,500
- ✗ D. 12,674

Q.35 एक लंबवृत्तीय बेलन के आधार का व्यास 21 cm है। यदि इसके दो वृत्तीय फलकों के क्षेत्रफलों के योग का आठ गुना इसके वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल का पाँच गुना है, तो बेलन का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans
- ✗ A. 5842.2
- ✓ B. 5821.2
- ✗ C. 5832.2
- ✗ D. 5812.2

Q.36 ₹5,575 को X, Y और Z के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि यदि उनके हिस्से से क्रमशः ₹85, ₹65 और ₹61 काट लिए जाएं, तो उनके पास 5:11:20 के अनुपात में धनराशि बचती है। Y और Z के मूल हिस्सों बीच अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹1,241
- ✓ B. ₹1,337
- ✗ C. ₹1,491
- ✗ D. ₹1,191

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.37 7 संख्याओं का औसत 23 है। यदि प्रत्येक संख्या में से 7 घटा दिया जाए, तो नया औसत कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 23
- ✗ B. 7
- ✓ C. 16
- ✗ D. 9

Q.38 पाइप A और B एक खाली टंकी को क्रमशः 65 मिनट और 26 मिनट में भर सकते हैं। पाइप A और पाइप B दोनों को एक साथ खोला जाता है। पाइप B को कितने समय बाद बंद कर देना चाहिए ताकि खाली टंकी कुल 30 मिनट में पूरी तरह भर जाए?

Ans
- ✗ A. 10 मिनट
- ✗ B. 15 मिनट
- ✗ C. 20 मिनट
- ✓ D. 14 मिनट

Q.39 $\sqrt{256}-\sqrt{169}+\left(\sqrt{144}-\sqrt{25}\right)^2$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 52
- ✗ B. 37
- ✗ C. 41
- ✗ D. 47

Q.40 दो दोस्त मुकुंद और सचिन की मासिक आय का अनुपात क्रमशः 5 : 9 है और उनमें से प्रत्येक हर माह ₹45,000 की बचत करता है। यदि उनके मासिक व्यय का अनुपात 1 : 3 है, तो मुकुंद की मासिक आय (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 75,000
- ✗ B. 1,05,000
- ✗ C. 76,000
- ✗ D. 74,000

Q.41 सुधा का व्यय उसकी बचत से 200% अधिक है। यदि उसका व्यय 10% कम हो जाता है और बचत 34% बढ़ जाती है, तो उसकी आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?

Ans
- ✗ A. 6%
- ✗ B. 4%
- ✗ C. 3%
- ✓ D. 1%

Q.42 राम और ललित की वर्तमान आयु का गुणनफल 216 वर्ष है, और उनकी आयु का अनुपात 6 : 1 है। उनकी आयु में अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 18 वर्ष
- ✓ B. 30 वर्ष
- ✗ C. 24 वर्ष
- ✗ D. 36 वर्ष

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.43 रमेश ने एक वस्तु ₹5,000 में खरीदी और उसे सुरेश को 20% लाभ पर बेच दिया। फिर सुरेश ने उसे 10% हानि पर बेच दिया। सुरेश ने वह वस्तु कितने में बेची?

Ans
- ✗ A. ₹5,800
- ✗ B. ₹5,200
- ✗ C. ₹5,600
- ✓ D. ₹5,400

Q.44 A, B और C किसी काम को क्रमशः 2, 4 और 4 दिनों में पूरा कर सकते हैं। एक साथ काम करते हुए, वे उसी काम का तीन गुना काम पूरा करने में कितना समय (दिनों में) लेंगे?

Ans
- ✗ A. 9
- ✓ B. 3
- ✗ C. 6
- ✗ D. 4

Q.45 एक रेलगाड़ी एक स्टेशन के प्लेटफार्म को 60 सेकंड में पार करती है और प्लेटफार्म पर खड़े एक व्यक्ति को 40 सेकंड में पार करती है। यदि रेलगाड़ी की चाल 63 km/hr है, तो प्लेटफार्म की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 550 मीटर
- ✗ B. 300 मीटर
- ✓ C. 350 मीटर
- ✗ D. 400 मीटर

Q.46 प्रेक्षणों 21, 29, 35, 24, 25, 33, 24, 23, 26, 28, 35, 27, 20, 35 और 20 का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 21
- ✗ B. 29
- ✓ C. 35
- ✗ D. 24

Q.47 एक आयत का विकर्ण $\sqrt{89}$ cm है और इसका क्षेत्रफल $40\ \text{cm}^2$ है। आयत का परिमाप ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 13 cm
- ✗ B. 169 cm
- ✗ C. 80 cm
- ✓ D. 26 cm

Q.48 $\dfrac{\sin 60^\circ \cos 30^\circ}{\tan 45^\circ}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. $\dfrac{3}{4}$
- ✗ B. $\dfrac{\sqrt{3}}{2}$
- ✗ C. $1$
- ✗ D. $\dfrac{1}{2}$

Q.49 एक ब्रांडेड पेन की कीमत ₹180 और एक पेंसिल की कीमत ₹3.50 है। यदि x ब्रांडेड पेन और y पेंसिल की कुल कीमत ₹935 है और x + y = 15 है, तो $(x^2 + y^2)$ का मान कितना है?

Ans
- ✗ A. 164
- ✓ B. 125
- ✗ C. 181
- ✗ D. 205

Q.50 चतुर्भुज PQRS में, ∠R और ∠S के समद्विभाजक बिंदु T (चतुर्भुज के भीतर) पर मिलते हैं और ∠STR = 36° है। यदि ∠P और ∠Q का अनुपात 3 : 5 है, तो ∠Q और ∠P की मापों में कितना अंतर है?

Ans
✔ A. 18°
✘ B. 22°
✘ C. 25°
✘ D. 21°

Prepp
Your Personal Exams Guide

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस समूह से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ A. PKN
✘ B. LGJ
✔ C. RMQ
✘ D. MHK

Q.52 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'bowl tin leaf' को 'ef cz bi' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'leaf mode theme' को 'cz nx an' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'leaf' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans
✘ A. bi
✔ B. cz
✘ C. ef
✘ D. nx

Q.53 श्री अक्ते अपनी कक्षा में ऊपर से 54वें और नीचे से 19वें स्थान पर हैं। उनकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
✔ A. 72
✘ B. 70
✘ C. 73
✘ D. 68

Q.54 A, B, C, D और E एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B, C के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। A, C के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। D और A निकटतम पड़ोसी हैं। C के ठीक बाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
✘ A. D
✘ B. A
✔ C. E
✘ D. B

Q.55 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

KIH−DBA
OML−HFE

Ans
✔ A. TRQ−MKJ
✘ B. TQO−LJI
✘ C. TRQ−LKI
✘ D. TQO−MKJ

Prepp Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.56** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी पायलट, कैप्टन हैं।
सभी कैप्टन, ड्राइवर हैं।
कुछ ड्राइवर, शिक्षक हैं।

निष्कर्ष
(I) सभी पायलट, ड्राइवर हैं।
(II) कुछ शिक्षक, पायलट हैं।

Ans
✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✓ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

**Q.57** सात डिब्बे, L, M, N, O, Q, R और S, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। केवल L को Q के ऊपर रखा गया है। L और R के बीच केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। केवल O को N के नीचे रखा गया है। S को M के ठीक ऊपर रखा गया है। कौन-सा डिब्बा M के ऊपर दूसरे स्थान पर रखा गया है?

Ans
✓ A. Q
✗ B. L
✗ C. O
✗ D. N

**Q.58** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी गेंद, मुर्गी हैं।
सभी खरगोश, मुर्गी हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ गेंद, खरगोश हैं।
(II) कुछ मुर्गी, खरगोश हैं।

Ans
✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✓ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Prepp Your Personal Exam Guide

**Q.59** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

DER UVI LMZ CDQ ?

Ans
✗ A. THI
✗ B. THU
✓ C. TUH
✗ D. HIT

**Q.60** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

48 56 71 93 122 ?

Ans
✗ A. 157
✓ B. 158
✗ C. 156
✗ D. 159

Q.61 उस समुच्चय का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(14, 14.4, 13.7)
(32, 32.4, 31.7)

Ans
- ✗ A. (46, 46.4, 44.7)
- ✗ B. (78, 78.4, 75.7)
- ✗ C. (63, 63.4, 61.7)
- ✓ D. (25, 25.4, 24.7)

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.62 निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं।) गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 6 5 8 8 5 4 7 7 4 2 7 9 2 2 5 7 4 8 8 2 1 8 9 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है तथा ठीक बाद में भी एक विषम अंक है?

Ans
- ✓ A. एक भी नहीं
- ✗ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✗ D. दो

Q.63 दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

100, 97, 91, 82, 70, ?

Ans
- ✓ A. 55
- ✗ B. 53
- ✗ C. 54
- ✗ D. 52

Q.64 एक निश्चित तर्क के अनुसार, RL 12 का संबंध VQ 16 से है। उसी तर्क के अनुसार, NH 15 का संबंध RM 19 से है। समान तर्क के अनुसार, IC 24 दिए गए विकल्पों में किससे संबंधित है?

Ans
- ✗ A. LG 29
- ✗ B. KJ 28
- ✗ C. KH 29
- ✓ D. MH 28

Q.65 ओरेन, बिंदु A से चलना शुरू करते हुए पूर्व की ओर 13 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 17 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करके बिंदु P पर पहुँचकर रुक जाता है। बिंदु A तक वापस जाने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए?
(जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

Ans
- ✗ A. दक्षिण में 8 km
- ✗ B. दक्षिण में 7 km
- ✓ C. उत्तर में 7 km
- ✗ D. उत्तर में 8 km

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.66 निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए?

33 −15 ÷ 6 + 120 × 8 = ?

Ans
- ✗ A. 112
- ✗ B. 115
- ✓ C. 108
- ✗ D. 120

Q.67 एक निश्चित कूट भाषा में,

A ± B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A * B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A ₹ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A # B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'।

यदि 'D ± R # A * C ₹ O' है, तो D का O से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पिता की माता
- ✓ B. भाई की पत्नी
- ✗ C. मां
- ✗ D. पत्नी

Q.68 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. RQN
- ✗ B. NMJ
- ✗ C. CBY
- ✓ D. XXT

Q.69 यदि '+' का अर्थ 'घटाना' है, '–' का अर्थ 'गुणा' है, '×' का अर्थ 'भाग' और '÷' का अर्थ 'जोड़' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

25 – 6 ÷ 4 + 16 × 4 ÷ 16 + 22 = ?

Ans
- ✗ A. 146
- ✗ B. 145
- ✗ C. 142
- ✓ D. 144

Q.70 निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 7 1 3 4 7 5 1 3 6 6 7 9 5 9 6 7 8 1 3 7 3 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग है तथा ठीक बाद में एक विषम अंक है?

(नोट: 1 भी एक पूर्ण वर्ग है)

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 1
- ✓ C. 3
- ✗ D. 2

Q.71 दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

35 40 30 45 25 ?

Ans
- ✗ A. 45
- ✗ B. 55
- ✗ C. 60
- ✓ D. 50

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.72 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) ? % 4 5 % & ^ ? \ \ 4 $ % & 5 4 / 4 % ^ 7 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद भी एक प्रतीक है?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. तीन
- ✓ C. दो
- ✗ D. एक

Q.73 निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 8 4 1 7 2 6 5 1 6 7 8 8 5 9 4 6 1 6 8 8 8 3 5 2 6 7 8 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद एक सम संख्या है?

Ans
- ✗ A. 3
- ✓ B. 4
- ✗ C. 6
- ✗ D. 5

Q.74 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

71 ÷ 9 + 192 × 16 − 41 = ?

Ans
- ✗ A. 523
- ✓ B. 668
- ✗ C. 619
- ✗ D. 591

Q.75 सात मित्र, B, C, D, T, U, V और W, उत्तर दिशा के अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। V और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। T के दाईं ओर केवल U बैठा है। D और T के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। C, B के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन W के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। W और B के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✓ C. दो
- ✗ D. चार

Q.76 जेन, बिंदु A से 20 मीटर उत्तर में चलने के बाद, दाईं ओर मुड़ती है तथा 15 मीटर और चलती है। फिर वह पुन: दाईं ओर मुड़ती है और 50 मीटर चलकर बिंदु B पर रुक जाती है। बिंदु B के सापेक्ष, बिंदु A किस दिशा में है?

Ans
- ✗ A. पूर्व
- ✗ B. दक्षिण-पश्चिम
- ✗ C. पश्चिम
- ✓ D. उत्तर-पश्चिम

Q.77 एक निश्चित कूट भाषा में, 'BACK' को '8561' और 'TACK' को '6458' लिखा जाता है। उस भाषा में 'T' का कूट क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 5
- ✓ B. 4
- ✗ C. 6
- ✗ D. 1

Q.78 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, XBYA, CGDF से एक निश्चित तरीके से संबंधित है। उसी प्रकार, ZDAC, EIFH से संबंधित है। उसी तर्क का पालन करते हुए, BFCE दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
- ✗ A. GKGJ
- ✗ B. GLGK
- ✗ C. GJGJ
- ✓ D. GKHJ

Q.79 निम्नलिखित श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से कौन सा प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर आएगा?

YCG 18 HLP 23 QUY 28 ZDH 33 ?

Ans
- ✗ A. ILP 37
- ✗ B. IRB 37
- ✓ C. IMQ 38
- ✗ D. INP 38

Q.80 छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D, F के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। C, B के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। F, C का निकटतम पड़ोसी है। E, C के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। A, E के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। पंक्ति के दाएं छोर पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. F
- ✗ B. E
- ✓ C. B
- ✗ D. A

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 भारत और सिंगापुर के बीच निम्नलिखित में से किस द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए और सेमीकंडक्टर, डिजिटल प्रौद्योगिकी और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में कई समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान करके उनके संबंधों के उन्नयन को चिह्नित किया गया?

Ans
- ✗ A. भारत-सिंगापुर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता
- ✓ B. भारत-सिंगापुर व्यापक रणनीतिक साझेदारी
- ✗ C. भारत-सिंगापुर रणनीतिक आर्थिक सहयोग समझौता
- ✗ D. भारत-सिंगापुर हिंद-प्रशांत सुरक्षा संधि

Q.82 8 अक्टूबर 2024 को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च प्रतिष्ठित सम्मान, दादा साहब फाल्के पुरस्कार, से किसे सम्मानित किया गया?

Ans
- ✓ A. मिथुन चक्रवर्ती
- ✗ B. विनोद मेहरा
- ✗ C. अमिताभ बच्चन
- ✗ D. रेखा

Q.83 जून 2025 के मध्य में किस यूक्रेनी शहर पर घातक रूसी मिसाइल हमला हुआ?

Ans
- ✗ A. कीव (Kyiv)
- ✗ B. ल्वीव (Lviv)
- ✓ C. निप्रो (Dnipro)

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.84 DRDO की उस स्वदेशी बहु-स्तरीय रक्षा प्रणाली का क्या नाम है, जिसे पहली बार 2025 गणतंत्र दिवस परेड और एयरो इंडिया 2025 में प्रदर्शित किया गया?

Ans
- ✗ A. वायु-प्रहार कवच
- ✓ B. रक्षक-सुरक्षा कवच
- ✗ C. अग्नि-शक्ति
- ✗ D. सूर्य-वज्र

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.85 निम्नलिखित में से कौन-सा देश 2026 FIFA विश्व कप (मेजबान देशों को छोड़कर) के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई?

Ans
- ✗ A. ऑस्ट्रेलिया
- ✓ B. जापान
- ✗ C. दक्षिण कोरिया
- ✗ D. ईरान

Q.86 2025 में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई पहल का नाम क्या है?

Ans
- ✗ A. मिशन शक्ति (Mission Shakti)
- ✓ B. प्रोजेक्ट हिफाज़त (Project Hifazat)
- ✗ C. प्रोजेक्ट सुरक्षा (Project Suraksha)
- ✗ D. मिशन वात्सल्य (Mission Vatsalya)

Q.87 खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 की मेजबानी किस राज्य ने की?

Ans
- ✗ A. उत्तर प्रदेश
- ✗ B. तमिलनाडु
- ✓ C. बिहार
- ✗ D. महाराष्ट्र

Q.88 वर्ष 2025 में शुरू किए गए, नेशनल रेड लिस्ट रोडमैप का मुख्य उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✗ A. 2030 तक देश के कुल वन क्षेत्र में 10% की वृद्धि करना और इसका विस्तार करना
- ✗ B. राष्ट्रीय उद्यानों में पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देना
- ✓ C. भारत की वनस्पतियों और जीवों की संरक्षण स्थिति का आकलन और निगरानी करना
- ✗ D. उद्योगों से कार्बन उत्सर्जन को कम करना

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.89 निम्नलिखित में से किस राजनीतिक दल ने भारत में उपेक्षित समूहों पर बढ़ते अत्याचारों के खिलाफ 18 नवंबर, 2025 को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की?

Ans
- ✗ A. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- ✗ B. भारतीय जनता पार्टी
- ✗ C. आम आदमी पार्टी
- ✓ D. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी

Q.90 अप्रैल 2025 में उद्घाटन किया गया नया पम्बन रेल ब्रिज किस प्रकार का ब्रिज है?

Ans
- ✗ A. आर्क ब्रिज (Arch bridge)
- ✗ B. सस्पेंशन ब्रिज (Suspension bridge)
- ✓ C. वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज (Vertical lift bridge)
- ✗ D. केबल-स्टेयेड ब्रिज (Cable-stayed bridge)

Q.91 केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, भारत में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के लिए लगभग _______ आवंटित किए गए।

Ans
✔ A. ₹3,413 करोड़
✘ B. ₹2,672 करोड़
✘ C. ₹2,958 करोड़
✘ D. ₹1,720 करोड़

Q.92 निम्नलिखित में से कौन, भारत में "एक राष्ट्र, एक चुनाव" के प्रावधान की जांच के लिए गठित समिति का अध्यक्ष है?

Ans
✘ A. प्रतिभा पाटिल
✘ B. जगदीश धनखड़
✔ C. रामनाथ कोविंद
✘ D. केशव चंद

Q.93 संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 के अनुसार यदि आरोपी मंत्री (प्रधानमंत्री / मुख्यमंत्री) को 30 दिनों के भीतर जमानत मिल जाती है, तो क्या होता है?

Ans
✘ A. वे स्वतः ही 5 वर्षों के लिए अयोग्य हो जाते हैं।
✔ B. कोई कार्रवाई नहीं की जाती; वे पद पर बने रह सकते हैं।
✘ C. उन्हें 30 दिनों के लिए पद से निलंबित कर दिया जाता है।
✘ D. उन्हें पद से स्थायी रूप से हटा दिया जाता है।

Q.94 रेलवे ने जून 2025 में पुणे के स्टेशनों पर कौन सी सुरक्षा सुविधा स्थापित करने का आदेश दिया है?

Ans
✘ A. महिलाओं के लिए आरक्षित कोच
✘ B. बॉडी स्कैनिंग मशीनें
✔ C. पैनिक अलर्ट बटन
✘ D. निगरानी कैमरा सिस्टम

Q.95 लिथुआनियाई उपन्यास, 'द लास्ट डे (The Last Day')', जिसका साहित्यिक आदान-प्रदान और सांस्कृतिक सहयोग के उत्सव के हिस्से के रूप में साहित्य अकादेमी द्वारा अक्टूबर 2025 में हिंदी में अनुवाद किया गया था, के लेखक कौन हैं?

Ans
✘ A. बालिस स्रुओगा (Balys Sruoga)
✘ B. जुर्गा इवानौस्काइटे (Jurga Ivanauskaitė)
✘ C. विंकास मायकोलाइटिस-पुतिनस (Vincas Mykolaitis-Putinas)
✔ D. जारोस्लाव मेलनिकस (Jaroslavas Melnikas)

Q.96 मई 2025 में, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने रणनीतिक और रक्षा अनुप्रयोगों के लिए स्वदेशी क्वांटम क्षमताओं को और मजबूत करने के उद्देश्य से किस उन्नत अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया?

Ans
✘ A. नेशनल क्वांटम हब, बेंगलुरु
✘ B. भारत क्वांटम संस्थान, पुणे
✔ C. क्वांटम प्रौद्योगिकी अनुसंधान केंद्र, दिल्ली
✘ D. क्वांटम डिफेंस लैब, हैदराबाद

Q.97 अक्टूबर 2025 में, 2025 हुंडई तीरंदाजी विश्व कप ग्रैंड फ़ाइनल कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans
✔ A. चीन
✘ B. इटली
✘ C. अमेरिका
✘ D. जापान

Q.98 **9 से 12 मार्च, 2025 तक भारत के पांचवें खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का दूसरा भाग निम्नलिखित में से किस स्थान पर आयोजित किया गया?**

Ans
- ✗ A. औली
- ✗ B. शिमला
- ✓ C. गुलमर्ग
- ✗ D. लेह

Q.99 **WEF ऊर्जा संक्रमण सूचकांक, 2025 में भारत का स्थान कौन-सा है?**

Ans
- ✗ A. 75वां
- ✓ B. 71वां
- ✗ C. 63वां
- ✗ D. 68वां

Q.100 **जनवरी 2025 में, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा क्रेडिट सूचना फ्रेमवर्क को सुव्यवस्थित करने के लिए निम्नलिखित में से क्या जारी किया गया था?**

Ans
- ✓ A. क्रेडिट सूचना रिपोर्टिंग निर्देश, 2025 (Credit Information Reporting Directions, 2025)
- ✗ B. निजी क्षेत्र क्रेडिट दिशानिर्देश, 2025 (Private Sector Credit Guidelines, 2025)
- ✗ C. बाह्य उधार दिशानिर्देश, 2025 (External Borrowing Guidelines, 2025)
- ✗ D. प्राथमिकता क्षेत्र लेडिंग मास्टर निर्देश, 2025 (Priority Sector Lending Master Directions, 2025)

Prepp
Your Personal Exams Guide